Title: Need to make Hindustan Machine Tools Unit at Ajmer, Rajasthan viable -Laid.

प्रो0 रासासिंह रावत (अजमेर): राजस्थान के बीचोंबीच स्थित अजमेर नगर अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं शैक्षिक दृटि से अत्यधिक महत्व रखता है यहां पर हिन्दुस्तान मशीन टूल्स (H.M.T.) की एक इकाई कई वर्ो पूर्व स्थापित हुई थी, जिसमें हजारों कर्मचारी कार्यरत हैं। इन फैक्ट्री में करोड़ों रूपये के मूल्य की कई महत्वपूर्ण मशीनें हैं तथा इनसे संबंधित कई कुशल, अनुभवी और तकनीकी जानकार कार्यरत हैं। अजमेर स्थित एच0एम0टी0 इकाई को I.S.O-9002 का प्र ामाण पत्र भी प्राप्त हो चुका है। यहां से उत्पादित तथा निर्मित कई महत्वपूर्ण मशीनें देश विदेश में भेजी जाती हैं। यदि रक्षा, रेलवे आदि अन्य संस्थानों से इस इकाई को विशेा माल या निर्मित वस्तुएं तैयार करने का आदेश प्राप्त हो तो यहां विद्यमान आधारभूत सुविधाओं एवं उपकरणों से उन्हें सरलता एवं सहजता के आधार पर निर्मित कर आपूर्त किया जा सकता है। एच0एम0टी0 इकाई, अजमेर में भारत सरकार की सार्वजनिक उपक्रम की एकमात्र इकाई है जिससे अजमेर के औद्योगिक ि वकास को बढ़ावा मिला है।

औद्योगिक मंदी तथा इस इकाई को उत्पादित मशीनरी का आदेश नहीं मिलने आदि के कारण यहां वी0आर0एस0 स्कीम के अन्तर्गत कई कुशल श्रमिकों को सेवानि वृत्त किया जा चुका है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध हे कि अजमेर स्थित एच0एम0टी0 इकाई को किसी भी स्थिति में चालू रखा जाए तथा यहां उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं यंत्रों के आधार पर इन्हें अधिकाधिक जॉब वर्क दिया जाये।